**NOTIFICATION NO - 598/2025**

**NOTIFICATION DATE - 16-04-2026**

**NAME - ANKIT PAL**

**SUPERVISOR NAME - DR. VIVEK DUBEY**

**DEPARTMENT- HINDI**

**TOPIC- PRATIRODH KE CINEMA KE SANDARBH MEIN HINDI CINEMA KI BLACK COMEDY FILMON KA AALOCHNATMAK ADHYAYAN**

---

**KEYWORDS :-** प्रतिरोध, सिनेमा, ब्लैक कॉमेडी, मृत्यु, यथार्थबोध।

## Findings

मृत्यु ब्लैक कॉमेडी की केंद्रीय थीम है। ब्लैक कॉमेडी रचनाकार व्यंग्य से आगे बढ़कर गहरी और स्याह खाई में उतरता है क्योंकि यथार्थ इस कदर स्याह है कि व्यंग्य उसके आगे निष्प्रभावी साबित हो जाता है। अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी फिल्मों के मुकाबले हिंदी सिनेमा की ब्लैक कॉमेडी फिल्मों में मृत्यु का अपेक्षाकृत सहज और स्वाभाविक चित्रण मिलता है। हिंदी सिनेमा की ब्लैक कॉमेडी फिल्मों में परंपरागत संपादन पद्धति का बहुत कम इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी फिल्मों की तुलना में हिंदी सिनेमा की ब्लैक कॉमेडी फिल्मों में अतिरंजनापूर्ण प्रस्तुतियां कम ही देखने को मिलती है। हिंदी सिनेमा की ब्लैक कॉमेडी फिल्मों में इतिहास, मिथक और कल्पना का मिश्रण भी अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी फिल्मों जितना नहीं मिलता। हिंदी सिनेमा की ब्लैक कॉमेडी फिल्में अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी फिल्मों जितनी सफल और लोकप्रिय नहीं है। ब्लैक कॉमेडी फिल्में प्रतिगामी उद्देश्यों के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती हैं। हिंदी सिनेमा में ब्लैक कॉमेडी फिल्मों की संख्या बहुत कम है। अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी फिल्में अलग अलग दौर में किसी विशेष संस्था या मुद्दे आदि पर केंद्रित रहीं वहीं हिंदी सिनेमा की ब्लैक कॉमेडी फिल्मों में ऐसी कोई प्रवृति लक्षित नहीं होती। यह ज़ॉन्रा किसी समस्या के निदान की ओर संकेत करने से ज्यादा उसकी भयावहता के चित्रण पर अधिक जोर देता है। यह त्रासद या गंभीर विषयों को प्रायः हास्य के मिश्रण के साथ परोसता है।